*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह मंगलवार से

## कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

## केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय होंगे मुख्य अतिथि

## हिंदी साहित्यकारों को दिया जाएगा 'हिंदी सेवी सम्मान'

## पुस्तक मेला, युवारंगोत्सव,फिल्मोत्सव,प्रश्नोत्तरी,वादविवाद,मंथन, नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्सव

## खाना खज़ाना में होंगे देश-विदेश के व्यंजन

वर्धा, 26 दिसंबर 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को फैकल्टी एण्ड ऑफिसर्स क्लब में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने पत्रकारों को विश्वविद्यालय परिसर में 27 से 31 दिसंबर के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं उपक्रमों की जानकारी दी। विश्वविद्यालय हर वर्ष अपना स्थापना दिवस बड़े धुमधाम से मनाता है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे पांचों दिनों में यह उत्सव मनाया जाएगा। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होने की अपील उन्होंने की। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो. अनिल कुमार राय, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, प्रो. अरूण कुमार त्रिपाठी तथा राजेश लेकपुरे उपस्थित थे।





उन्होने बताया कि विश्वविद्यालय के समता भवन के प्रांगण में 27 से 30 दिसंबर के दौरान भव्य पुस्तक मेला आयोजित किया गया है। स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम 29 दिसंबर को आयोजित है। इस वर्ष के स्थापना दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मानव संसाधन राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय को निमंत्रित किया गया है। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित समारोह में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा देंगे। मुख्य कार्यक्रम के सभा मंडप को प्रख्यात साहित्यकार जयशंकर प्रसाद

का नाम दिया गया है। इस वर्ष का हिंदी सेवी सम्मान डॉ. इंद्रनाथ चौधुरी, दिल्ली, डॉ. रंजना अरगड़े, अहमदाबाद, डॉ. टी. आर. भट्ट, कर्नाटक, डॉ. चंद्रकांत पाटिल, औरंगाबाद एवं डॉ. अमिताभ शंकर राय चौधरी, उत्तर प्रदेश को दिया जाएगा।







27 दिसंबर को 'पुस्तक मेला : सबद निरंतर' का उदघाटन होगा। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सूर्यबाला समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। प्रो. तात्याना ओरांसकाइया, प्रो.कुमुद शर्मा, श्री नारायण कुमार तथा प्रो. आनंद वर्धन शर्मा के सान्निध्य में समता भवन के प्रांगण में समारोह संपन्न होगा। पुस्तक मेले में देशभर के 40 से अधिक प्रकाशक अपने स्टॉल्स लगाएंगे।

27 दिसंबर को युवा रंगोत्सव होगा जिसमें विवि के विद्यार्थियों द्वारा तैयार नाट्य प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता होगी। 28 को फिल्मोत्सव में विद्यार्थी लघु फिल्मों का प्रदर्शन करेंगे तथा उनकी प्रतियोगिता होगी। सायं 6.00 बजे 'कहाँ गए गांधी' लघु नाटिका और उसके बाद काव्य संध्या का आयोजन ग़ालिब सभागार में होगा।

29 दिसंबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी जिसमें विवि के तथा अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थी सहभागी होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 6.00 बजे होगा जिसमें पं. बलदेवराज वर्मा का खयाल गायन तथा पं. संजीव शंकर एवं पं. अश्विनी शंकर का शहनाई वादन होगा। रात 8.00 बजे दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 30 दिसंबर को सुबह 10.00 बजे वाद-विवाद प्रतियोगिता और दोपहर 3.00 बजे मंथन कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'दूतवाक्यम' संस्कृत नाटक होगा। पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता के कलाकार अपनी प्रस्तुति देगे।

31 दिसंबर को दोपहर 3.00 बजे खाना-खज़ाना का उदघाटन वर्धा के सांसद रामदास तडस करेंगे। समता भवन के प्रांगण में लगभग 40 से अधिक स्टालों पर रात 10.00 बजे तक देश-विदेश के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आस्वाद लिया जा सकेगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 6.00 बजे से जयशंकर प्रसाद सभा मंडप में होगा। इन कार्यक्रमों के अलावा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 29 को सुबह 8.00 बजे से रक्त दान शिविर एवं स्वास्थ्य जॉच शिविर लगाया जाएगा। जिला सामान्य अस्पताल, वर्धा का इसमें विशेष सहयोग रहेगा। शिविर का उदघाटन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम मडावी की उपस्थिति में किया जाएगा। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने की दृष्टि से एक प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी जिसमें विवि के विभिन्न विभाग अपनी सहभागिता करेंगे।

विश्वविद्यालय 19 वें के स्थापना दिवस की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है और विश्वविद्यालय को रंगरोगन के साथ सजाया जा रहा है। पांच दिनों के कार्यक्रमों में देशभर के कलाकारों की प्रस्तुतियों का लुप्त उठाया जा सकता है।